असाइनमेंट:- 7 विषय :- हिंदी कक्षा:- IV शिक्षिका:- श्रीमती पूजा सहगल
नाम:- _______ सेक्शन :- __ रोल नंबर :- ____ दिनांक:- जून, 2021

पाठ-3 "नीम की पत्तियाँ"

मौखिक प्रश्न -उत्तर

क) प्रः रोहित क्या देख रहा था ?

उत्तरः रोहित टेलीविज़न देख रहा था ।

ख) प्रः दादी माँ ने किसे आवाज लगाई ?

उत्तरः दादी माँ ने रोहित को आवाज़ लगाई ।

ग) प्रः रोहित की उत्सुकता क्यों बढ़ गई ?

उत्तर : ऊनी वस्त्रों को देखकर रोहित की उत्सुकता बढ़ गई ।

घ) प्रः नीम की पत्तियाँ किस रोग में फायदेमंद होती हैं ?

उत्तरः मधुमेह के रोग में नीम की पत्तियाँ फायदेमंद होती हैं।

ङ) प्र : वर्षा में मिट्टी को कौन रोक कर रखता है ?

उत्तर: पेड़ों की जड़ें मिट्टी को रोक कर रखती हैं।

लिखित प्रश्न उत्तर

क) प्र : दादी माँ ने ऊनी कपड़े क्यों निकाले ?

उत्तर : दादी माँ ने ऊनी कपड़े नीम की पत्तियाँ रखने के लिए निकाले।

ख) प्रः नीम की पत्तियाँ कैसी होती हैं और यह किस काम आती हैं ?

उत्तरः नीम की पत्तियाँ बहुत गुणकारी होती है और यह कई रोगों को दूर करने के काम आती हैं ।

ग) प्रः दादी माँ ने नीम को प्रकृति का अमूल्य वरदान क्यों कहा है ?

उत्तर : सर्दी ज़ुकाम होने पर नीम की पत्तियों का काढ़ा पीने से आराम मिलता है । इसकी टहनियों से दातुन बनाकर दाँत साफ करने से दाँतों में कीड़ा नहीं लगता ।

घ) प्रः धरती पर प्रदूषण किस कारण बढ़ गया है ?

उत्तरः मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए पेड़ -पौधों को काट दिया है । जिसके फलस्वरूप धरती पर प्रदूषण बढ़ गया है ।

ङ) प्रः पेड़ -पौधों से हमें क्या प्राप्त होता है ?

उत्तर : पेड़ -पौधों से हमें फल--फूल, दवाइयाँ, सब्जियाँ , लकड़ी आदि चीजें मिलती है ।

च) प्रः दादी माँ ने अधिक पेड़ लगाने का उपाय क्यों बताया ?

उत्तरः पेड़ों के कटने से कहीं वर्षा कम होती है तो कहीं बाढ़ आ जाती है जिसके फलस्वरूप धरती पर प्रदूषण बढ़ गया है । प्रदूषण को रोकने के लिए दादी माँ ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए कहा ।